## एडवोकेट मनीष शर्मा का किया स्वागत



**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** राज्य सरकार द्वारा स्थानीय अपर जिला एवम सेशन न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए कुचामन बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मनीष शर्मा को अपर लोक अभियोजक एवम राजकीय अधिवक्ता नियुक्त किया गया। इस अवसर बार संघ अध्यक्ष महेंद्र कुमार पारीक, प्रवक्ता ओम प्रकाश पारीक, दिनेश सिंह, अयूब अली, मोहम्मद हनीफ, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा, भंवरा राम चौंधरी, रतन प्रधान, प्रेम प्रकाश जोशी इत्यादि अधिवक्ताओं ने मनोनित अपर लोक अभियोजक मनीष शर्मा को माला पहनाकर स्वागत किया।

## मार्क्सवादी पार्टी का प्रदर्शन 31 को

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तहसील कमेटी खण्डेला की अतिआवश्यक बैठक तहसील सचिव कामरेड सुभाष नेहरा की अध्यक्षता में रींगस पार्टी कार्यालय में हुई। जिसमें जिला पर्यवेक्षक के रूप कामरेड हरफूल सिंह बाजिया उपस्थित थे। 31जुलाई को सीकर जिला कलेक्ट्रेट पर बिजली की अघोषित विद्युत कटौती व पेयजल समस्याओं सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल प्रर्दशन किया जाएगा। बैठक में सूरजभान धायल, मोहन लाम्बा,गोपाल सिंह बाजिया, मालीराम वर्मा, भूदाराम बगडिया, जवाहर सिंह, सागर बगडिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## स्थानीय संघ रींगस के स्काउट राज्य स्तरीय शिविर माउंटआबू में लेंगे भाग

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** राजस्थान राज्य भारतीय स्काउट गाइड स्थानीय संघ रींगस के सचिव विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि 21 से 26 तक प्रताप ओपन रोवर क्रू के रोवर



लीडर सुभाष देवंदा एवं वेदांत गुरुकुल पब्लिक स्कूल के स्काउट मास्टर कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व 23 सदस्य दल माउंट आबू में आयोजित एडवेंचर कैंप में अनेक सहायक गतिविधियां जैसे कोधरा बांध, नक्की झील, टोड रॉक, सनसेट पॉइंट का भ्रमण, रॉक क्लाइंबिंग, गुफा से गुजरना, ट्रैकिंग विद क्लाउड, शांति शिखर पॉइंट, जिपलाइन इत्यादि गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। शिविर संचालक जितेंद्र भाटी के सानिध्य में यह कैंप आयोजित किया जा रहा है रींगस के रोवर, स्काउट ने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया और राज्य मुख्यालय द्वारा निर्देश की पालना करते हुए प्रशिक्षण केन्द्र पर एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण सुरक्षित करने का संकल्प लिया।

## केशवानन्द के विरेन्द्र रणवा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान के कक्षा 12 के छात्र विरेन्द्र रणवा का चयन भारतीय बॉलीबॉल टीम में अंडर 18 एशियन बॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि संस्थान की कक्षा 12



में अध्ययनरत विद्यार्थी विरेन्द्र रणवा का चयन एशियन बॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। छात्र विरेन्द्र रणवा 28 जुलाई से बहरीन में आयोजित होने वाली अंडर 18 एशियन बॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा जो संस्थान के लिए बहुत ही गौरव की बात है। छात्र विरेन्द्र रणवा ने संस्थान के आधुनिक सुविधाओं से युक्त बॉलीबॉल मैदान पर नियमित अभ्यास करके इस मुकाम को हासिल किया है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह सहित प्रबंधन सदस्यों ने छात्र को बधाई प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महिला ठगी का शिकार, सात तोला सोने के आभूषण पार

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** शहर में शुक्रवार को प्रतापनगर क्षेत्र में स्थित जिला कलक्टर के अति निजी सचिव के घर में मौजूद उनकी पत्नी के साथ दो उचक्के ठगी की वारदात कर करीब सात तोले सोने के आभूषण लेकर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार सदर थानांतर्गत प्रतापनगर क्षेत्र में स्थित शांतिलाल सुथार के घर पर बाईक से दो युवक पहुंचे, जहां उनकी पत्नी सरस्वती को बातों के झांसे में लेकर पीतल व चांदी की वस्तुओं को चमकाने का तकाजा करने लगे, जिस पर गृहिणी से पहले एक ताबें का बर्तन युवकों को दिया, जिसे चमकाने के बाद उन्होंने चांदी की वस्तु भी चमकाते हुए महिला के गले, कान व हाथों में पहने सोने के आभूषण को चमकाने के लिये मांगे, जिसे भी महिला ने खोल कर उन्हें दे दिये। युवकों में एक ने उन आभूषण को एक डिब्बे में बंद कर गैस पर गर्म करने की कहा, जिस पर वह स्वंय रसोई में जाकर गैस पर उक्त बर्तन कर रख दिया।

महिला कुछ समझ पाती उससे पहले ही युवक मौके से असली सोने के गहने लेकर चंपत हो गये। जब महिला ने बर्तन खोलकर देखा तो उसमें कुछ नहीं दिखा, जिस पर ठगी का शिकार होने पर उनके होश उड़ गये। ठगी की वारदात की सूचना पर गृह मालिक शांतिलाल सुथार घर पहुंचे। ठगी की वारदात की शिकार मौहल्ले में फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। इधर जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अति कलक्टर राकेश कुमार, अति पुलिस अधीक्षक परबत सिंह, उपाधीक्षक पवन शर्मा, सदर थानाधिकारी गजेंद्र सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जिन्होंने वारदात की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उचक्को की तलाश प्रारम्भ कर दी है।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वीरांगनाओं का किया सम्मान

## भारत माता की जय की जयघोष से गूंजा शहीद स्मारक



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सीकर के शहीद स्मारक पर शुक्रवार को देश के ज्ञात—अज्ञात शहीदों को रीथ मालाएं व पुष्प अर्पित कर सीकर जिला कलक्टर कमर चौधरी, एसपी भुवन भूषण यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला, पूर्व सैनिकों सहित अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में शहीद वीरांगनाओं को उपहार व पौधे देकर सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक स्थल पर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि कारगिल युद्ध में सीकर के शहीद हुए जवानों पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि शहीदों ने अपना घर—परिवार छोड़कर राष्ट्र को समर्पित यज्ञ में अपना बलिदान व आहुति दी है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि बिना पसीना बहाए कुछ भी संभव नहीं होता है। जीवन में आसानी से कुछ नहीं मिलता इसलिए अनुशासन और जीवन में व्यक्ति को संघर्ष करते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध युवाओं के लिए भी एक बड़ा संदेश है। युवाओं को देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला ने कहा कि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ है। शहीदों के सम्मान में शहीद स्मारक में उन्हें याद और नमन किया गया। उन्होंने उपस्थित जन समूह को कारगिल विजय दिवस की विजय गाथा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए गर्व का दिन है। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध में सीकर के 7 जवान शहीद हुए थे और बाकी युद्धों में 150 से अधिक जवान शहीद हुए हैं।

इस दौरान कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर हेमराज परिडवाल, पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़, शहीद वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रामदेवाराम बिजारणियां, साहित्यकार महावीर पुरोहित, पूर्व सैनिक, विरांगनाएं, एनसीसी कैडेट्स सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कारगिल दिवस पर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**पाटन।** कस्बे में स्थित जमुना देवी पांडेय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को कारगिल दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों को नमन करते हुए, मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहीद वीरांगना कविता सामोता रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन सरपंच मनोज कुमार चौधरी ने की।

विद्यालय के प्रिंसिपल महावीर प्रसाद मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहिद हमारे भगवान होते हैं, शहीदों की पूजा करनी चाहिए और हर मांगलिक कार्य में शहीदों को याद करना चाहिए। देश की रक्षा हेतु जो सैनिक अपने प्राणों को न्यौछावर कर हमारी रक्षा करते हैं ऐसे शहीदों को हम नमन करते हैं। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि शहीदों को नमन करें एवं हमेशा उनको याद करते रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहिद कविता सामोता ने अपने उद्बोधन में कहा की शहीदों को हमेशा याद करना चाहिए।

## प्रदेश की 586 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

### प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जाएगा टीबी मुक्त राजस्थान अभियान : चिकित्सा मंत्री

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान को टीबी मुक्त बनाने की ओर तेजी से अग्रसर है। विभाग के सतत प्रयासों से भारत सरकार के केन्द्रीय क्षय अनुभाग ने राज्य की 586 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। चिकित्सा मंत्री खींवसर ने कहा कि राज्य के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोगियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं एवं योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए यह सफलता प्राप्त की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगे भी टीबी मुक्त राजस्थान अभियान को प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि टीबी उन्मूलन प्रयासों को मजबूत करने के क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 मार्च, 2023 को वाराणसी में आयोजित 'विश्व टीबी रोग दिवस' समारोह में 'टीबी मुक्त पंचायत' अभियान का शुभारम्भ किया था। इस अभियान का उद्देश्य पंचायतीराज सदस्यों को टीबी रोग कार्यक्रम, रोगियों की सहायतार्थ संबल प्रदान करना एवं पंचायत को टीबी मुक्त करने की दिशा में सम्मिलित प्रयास करना है। इस अभियान के तहत राजस्थान का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने बताया कि राज्य को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा वर्ष 2024 में 9,325 ग्राम पंचायतों में यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान आशा/स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा वर्ष में दो बार घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की खोज की जाएगी एवं टीबी से उपचारित हो चुके ''टीबी चैम्पियन'' द्वारा उपचाररत् रोगियों एवं संभावित रोगियों को जागरूकता गतिविधियों द्वारा टीबी रोग के लक्षण, पूर्ण उपचार एवं उपचार के दौरान नियमितता आदि पर समझाइश की जाएगी।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यालयों के छात्रों, ग्राम सभा आदि में ''टीबी रोग-शपथ'' भी दिलाई जाएगी। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर क्षय रोगियों को सामुदायिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु 'नि-क्षय मित्र' बनाए जायेंगे। नि-क्षय मित्र के रूप में कोई भी व्यक्ति, भामाशाह व जनप्रतिनिधि टीबी रोगियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार एवं अन्य सहायता उपलब्ध करवाकर इसमें सहयोग कर सकता है।

# सीएलसी के केवीएम स्कूल में करगिल विजय दिवस मनाया



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** सीएलसी द्वारा संचालित राजस्थान बोर्ड के प्रतिष्ठित स्कूल केवीएम में करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विजय ग्राउण्ड में माँ भारती के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान केवीएम के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद वातावरण भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में सीएलसी सीओओ समर चौधरी ने विद्यार्थियों को करगिल युद्ध की गाथा सुनाई और सैनिकों की वीरता एवं शहादत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि करगिल युद्ध, जिसे ऑपरेशन विजय के नाम से भी जाना जाता है, 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 तक चला और 26 जुलाई को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के घुसपैठियों को खदेड़ते हुए विजय प्राप्त की। समर चौधरी ने कहा कि हमें शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान का भाव सदैव अपने हृदय में संजोए रखना चाहिए।

कार्यक्रम में केवीएम एकेडमिक हेड जितेन्द्र बाजिया, केवीएम प्रबन्धक रतन भास्कर, प्रधानाचार्य रतन जागावत, और सभी स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## महंत कैलाश नाथ महाराज 4 अगस्त को लक्ष्मणगढ़ में

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर/लक्ष्मणगढ़।** रूकनसर आश्रम के महंत कैलाश नाथ महाराज व युवा संत गुलाब नाथ महाराज 4 अगस्त को लक्ष्मनगढ आयेंगे। यह जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गौड़ ने बताया कि महाराज श्री इस दिन लक्ष्मणगढ़-मुकुन्दगढ़ बाईपास स्थित धाभाईयों की ढाणी के शिव मंदिर में 4 अगस्त होने वाले विशाल जागरण व प्रसाद आयोजन में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित होने वाले विशाल जागरण में रूकनसर रामगढ़ शेखावाटी महंत कैलाश नाथ महाराज व बाल योगी गुलाब नाथ महाराज के सानिध्य में भजनों की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बलराम धाभाई, फुलचंद बगड़िया, सुशील धाभाई, मनोज सैनी ने आश्रम पहुंच कर समाधि पर धोक लगाकर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त कर निमंत्रण दिया।

## वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** युवा कांग्रेस द्वारा करगिल विजय दिवस के उपलक्ष में भारत माता के वीर शहीद सपूतों को शहीद स्मारक पर युवराज श्रीमाली के नेतृत्व में पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रीमाली ने कहा कि भारतीय सेना शौर्य और पराक्रम के प्रतीक है 25वीं करगिल विजय दिवस व भारतीय सेना की यह शौर्यगाथा आज भी प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करती है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में पार्षद ब्रजकिशोर, छत्रपाल सिंह, हैप्पी सिंह, दिनेश शर्मा, गोपाल सालवी, कैलाश खिंची, हेमन्त मेनारिया, पीयूष सालवी, अतीक मोहम्मद, विनोद सुथार, तारसिंह, राहुल, मिथलेश सुखवाल, राकेश, विभांशु गर्ग आदि युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेसजनों ने दी श्रृद्धाजंलि : कारगिल दिवस के अवसर पर शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, रमेशनाथ योगी की उपस्थिति में शहिद स्मारक पर वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। जाड़ावत ने भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि भारत के जांबाज देशभक्तों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश के लिए हंसते-हंसते कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी. 25 साल पहले भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तानी सैनिकों के मंसूबों को पस्त करते हुए कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया था। 26 जुलाई 1999 का वो दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन था। गर्व से भरे इस दिन को तभी से हम कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं, इसी दिन ऑपरेशन विजय भी सफल हुआ था। इस ऑपरेशन में भारतीय सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर स्थित कारगिल के उन इलाकों पर दोबारा फतह हासिल की थी जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था जिस पर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हरकतों का मूंहतोड़ जवाब दिया था। इस अवसर पर रणजीत लोठ, महेंद्र शर्मा, विजय चौहान, अहसान पठान, पार्षद रामगोपाल लोहार, राजू खटीक, ललिता रैगर, देवेंद्र रैगर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ की नियुक्ति पर जताई खुशी



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चित्तौडगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने शुक्रवार को कलक्ट्री चौराहे पर एकत्रीत होकर आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा करा खुशियां मनाई।

अनिल ईनाणी ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर संघ प्रचारक व वसुंधरा सरकार में उप मुख्य सचेतक रहे वर्तमान राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ की नियुक्ति पर विधानसभा के कार्यकर्ताओ ने प्रसन्नता जाहीर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नढढा व मुख्यमंत्री भजनलाल का आभार जताया। प्रवीण सिंह राठौड़ ने बताया कि 25 जुलाई 1999 को कारगिल में पाकिस्तान पर भारत की विजय की 25 वी वर्षगांठ पर समस्त कार्यकर्ताओ द्वारा कारगिल युद्ध में वीरगती को प्राप्त हुए शहीदो को नमन किया गया। इस अवसर पर सुरेश झंवर, भरत जागेटिया, दिनेश शर्मा, रतन डांगी, नंदकिशोर कोठारी, भोलाराम प्रजापत, दिनेश चतुर्वेदी, तेजपाल रेगर, नवीन पटवारी, ओमप्रकाश शर्मा, लाला गुर्जर, विश्वनाथ टांक, पूरणसिंह राणा, शेलेन्द्र झंवर, नरेश जाट, शिवराजसिंह, रामेश्वर धाकड़, प्रकाश भट्ट, किरण सिंह, बालकिशन भोई, रवि विराणी, अजय चौधरी, अशोक रायका, चुन्नीलाल माली, फतहलाल भड़क्तिया, किशन गुर्जर, राजन माली, रश्मी सक्सेना, विमला गट्यानी, रेणु मिश्रा, संगीता शर्मा, उर्मिला पुरोहित, रेखा शक्तावत, खुशपालसिंह, गोरधन सालवी, दुर्गासिंह नारेला, रतन भंवरसिंह, गोपालसिंह, नारायण गुर्जर, कालुसिंह केलजर, राजेन्द्रसिंह, मथरालाल जाट, सत्यनारायण वैष्णव, विनीत तिवारी, कालु सेन, कल्याण वैष्णव, राहुल गांछा, शैतानसिंह, सतपाल सिंह दुआ, राजेन्द्र खटीक, पिंटु मोदी, राजेश मोची, कैलाश पायक, नंदलाल रेगर, गोविन्द मून्दडा, कैलाश गुर्जर, पंकज सेन, हंसराज सुहालका, योगेश सोनी, रामनिवास जाट, प्रदीप बोहरा, शंकरदास वैष्णव, गोपाल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।